दिनांक 7 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आकाशगंगा सब्जी मंडी में सब्जियों में रंग मिलाकर व्यवसायी कर रहा था विक्रय,योजनाबद्ध तरीके से हुई कार्रवाई, 2 दिन पूर्व से इन गतिविधियों पर थी टीम की नजर

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर त्योहारी सीजन को देखते हुए उड़नदस्ता टीम खाद्य सामग्रियों के विक्रय मे मिलावट को लेकर सतर्क हो गई है और लगातार छापे मारकर कार्यवाही कर रही है! नगर पालिक निगम भिलाई की उड़नदस्ता टीम निगम क्षेत्र के तहत आने वाले विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों, बाजार क्षेत्र, व्यवसायिक दुकानों का लगातार निरीक्षण कर रही है! आज उड़नदस्ता की टीम के कर्मचारियों ने अलग-अलग होकर सुपेला के आकाशगंगा सब्जी मार्केट का सघन निरीक्षण किया! टीम के कर्मचारी निरीक्षण करते हुए आकाशगंगा सब्जी मार्केट पहुंचे जहां पर उन्होंने देखा कि गाजर,मटर, चुकंदर एवं परवल को रंग के पात्र में डाला गया है, यह पाया गया कि गाजर एवं मटर को धोकर उसे रंग के बर्तन में डालकर विक्रय हेतु आकर्षक बनाने की प्रक्रिया की जा रही है ताकि क्रेता आसानी से इसे खरीद सकें! टीम ने रंग किए हुए गाजर एवं रंग के पाउच को जप्त कर 5000 रुपए जुर्माना व्यवसायी से वसूल किया और पंचनामा बनाकर लिखित रूप से लिया गया कि दोबारा इस प्रकार से सब्जियों को रंगने का कार्य नहीं किया जाएगा , आसपास के व्यापारियों को भी इस बाबत समझाइश दी गई तथा रंग को फेंकने की कार्रवाई की गई! खाद्य पदार्थों को विक्रय के लिए आकर्षक बनाने के लिए सब्जियों को रंगने के कार्य की जानकारी सूत्रों से टीम को प्राप्त हुई थी , जिसके लिए आकाशगंगा सब्जी मार्केट में 2 दिनों से टीम नजर बना कर रखी हुई थी , कई दफा टीम द्वारा निरीक्षण करने के पश्चात मौके पर इस प्रकार की प्रक्रिया नहीं पाई गई थी परंतु आज अचानक निरीक्षण के दौरान इस प्रकार के कार्य को करते हुए पाया गया! खाद्य पदार्थों में इस प्रकार की मिलावट से मानव शरीर के सेहत को सीधा नुकसान पहुंच सकता है, फिर भी ऐसी गतिविधियां सामने आने से ऐसे लोगों पर निगम की उड़नदस्ता टीम अपनी नजर बनाए हुए हैं! निगम की यह टीम एक्सपायरी खाद्य एवं पेय पदार्थों की जब्ती कई दफा बना चुकी है, आर्थिक दंड की वसूली की जा रही है, व्यवसायियों को समझाइश भी दी जा रही है कि दूषित खाद्य एवं पेय पदार्थ का विक्रय न करें , विगत माह पूर्व आकाशगंगा सब्जी मार्केट में ही इसी प्रकार से रंग करते हुए पाए जाने पर कार्यवाही की गई थी! उड़नदस्ता की टीम लगातार गंदगी फैलाने वालों, सड़क बाधा करने वालों, दूषित खाद्य एवं पेय पदार्थ का विक्रय करने वालों , आवश्यक लाइसेंस नहीं रखने वालों तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक , पॉलिथीन आदि का विक्रय करने वालों का सतत निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है! आज की कार्यवाही में वीके सैमुअल, अंजनी सिंह, जगनू, मिश्रा, रामायण आदि मौजूद रहे!